ने, इस स्तर पर पाठ्य-पुस्तकें निर्धारित करने की प्रथा को हतोत्साहित करने के लिए, देश के विभिन्न शहरों में अनेक बैठकें आयोजित की हैं। इन शहरों के प्रमुख स्कूलों के प्रधानाचार्यों को इन बैठकों में आमन्त्रित किया गया था।

609. [Transfered to 4th March, 1993.]

मध्य प्रदेश में खनिज भण्डार

610. **श्री अजीत जोगी :**
चौधरी हरि सिंह :

क्या **खान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश के बस्तर तथा रायपुर जिलों में टिन, ऐस्बेस्टस, ग्रेनाइट और कोरंडम के भारी भंडारों का पता लगाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो इन जिलों में उपलब्ध प्रत्येक खनिज का अनुमानित भंडार कितना है ;

(ग) इन खनिजों के खनन हेतु खनन-वार कितने आवेदन-पत्र प्राप्त हुए हैं ;

(घ) इस संबंध में सरकार ने क्या कार्यवाही की है; और

(ङ) क्या खनन कार्य के लिए यह लीज जनजातीय लोगों या उनकी समितियों को प्राथमिकता के आधार पर दी जाएगी ?

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बलराम सिंह यादव) : (क) से (ङ) जानकारी एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

देश में खनिज भण्डार

611. **श्री अजीत जोगी :**
चौधरी हरि सिंह :

क्या **खान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में पेयोरो-फ्लाइट, डायोस्पोर, ग्रेफाइट, लिग्नाइट और मैग्नेटाइट्स के कुल कितने भंडार का पता लगाया गया है;

(ख) क्या उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में इन खनिजों के भंडार का पता लगाने के लिए कोई सर्वेक्षण किया गया है;

(ग) यदि हां, तो उसका क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इन खनिजों का पर्याप्त मात्रा में खनन करने के लिए क्या योजनाएं बनाई गई हैं ?

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बलराम सिंह यादव) : (क) देश में पाइरो-फ्लाइट, डायोस्पोर, ग्रेफाइट, लिग्नाइट और मेग्नेटाइट के कुल भंडार इस प्रकार हैं :—

पाइरोफिलाइट	–	4.33 मिलियन टन
डायस्पोर	–	आंकलन नहीं किया गया
ग्रेफाइट	–	4.64 मिलियन टन (सभी ग्रेड)
लिग्नाइट	–	5.8 बिलियन टन
मेग्नेटाइट	–	1.7 बिलियन टन (सभी ग्रेड)

(ख) जी हां ।

(ग) उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किए गए सर्वेक्षण में झांसी जिले के पालर-बिजरी-धानकुआ-मैलार क्षेत्र में 0.2 मिलियन टन और ललितपुर जिले में टेरी-नगर और पाथा क्षेत्र में 26500 टन डायस्पोर/पाइरोफिलाइट के कुल भंडार का अनुमान लगाया गया है । भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जी. एस. आई.) ने अल्मोड़ा जिले के सिरसार और कालीमाटी क्षेत्र में 10.70 मिलियन टन निम्न ग्रेड ग्रेफाइट अयस्क का अनुमान लगाया है। उत्तर प्रदेश से लिग्नाइट और मेग्नेटाइट के स्रोतों की सूचना नहीं है।

मध्य प्रदेश में टीकमगढ़, छतरपुर और शिवपुरी जिलों में 1.28 मिलियन टन पाइरोफिलाइट के भण्डार का अनुमान